आख्या पांच दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण

उच्च प्राथमिक के शिक्षकों हेतु पांच दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण दिनांक 11 जुलाई 2023 से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में विकासखंड डीडीहाट से 23 शिक्षकों एवं विकासखंड कनालीछीना से 07 शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना था। परंतु डीडीहाट विकासखंड से केवल 20 शिक्षकों द्वारा ही प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण का प्रारंभ संस्थान के प्राचार्य श्री हरक राम कोहली द्वारा किया गया। श्री कोहली द्वारा वर्तमान में कंप्यूटर की आवश्यकता को रेखांकित करते हुये कहा कि कंप्यूटर का ज्ञान सभी शिक्षकों हेतु आवश्यक है। श्री कोहली द्वारा कहा गया कि कई विद्यालयों में जानकारी के अभाव में नये कंप्यूटरों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यालयों में उपलब्ध कंप्यूटरों का उपयोग दैनिक कार्यों एवं शिक्षण में हो सकेगा। इसी के साथ श्री कोहली द्वारा प्रशिक्षण को प्रारंभ करने हेतु निर्देश दिये गये। श्री कोहली के संबोधन के उपरांत परिचय सत्र का आयोजन किया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं संस्थान के उपस्थित अकादमिक सदस्यों द्वारा अपना–अपना परिचय दिया गया। इसके बाद संस्थान प्रवक्ता श्री आर0के0साहू द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया गया। श्री साहू द्वारा कहा गया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण पूरी तरह विद्यालय एवं शिक्षकों की वर्तमान आवश्यकताओ को ध्यान में रखकर किया गया है। सभी प्रशिक्षणार्थियों को अभ्यास का पूरा अवसर प्राप्त होगा। उद्घाटन सत्र का संचालन श्री चंद्रशेखर मखौलिया द्वारा किया गया।

उद्घाटन सत्र के उपरांत वास्तविक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम प्रभारी एवं मुख्य प्रशिक्षक श्री विनोद बसेड़ा द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रतिभागियों के सम्मुख रखी गयी।

कार्यक्रम रूपरेखा

प्रथम दिवस	**कंप्यूटर का सामान्य परिचय। एम0एस0एक्सल।**
द्वितीय दिवस	**एम0एस0 एक्सल।**
तृतीय दिवस	**एम0एस0 वर्ड।**
चतुर्थ दिवस	**एम0एस0 पावर प्वाइंट।**
पंचम दिवस	**ई–मेल एवं गूगल फार्म।**